**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–09.09.2025 (सुबह–0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. उपराष्ट्रपति पद के लिए आज डाले जायेंगे वोट, एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया ब्लॉक के बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच है सीधा मुकाबला।।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, रांची में प्रस्तावति तीन नये फ्लाईओवर की प्रगति की समीक्षा की।
3. स्वास्थ्य विभाग में मैन पावर की कमी दूर करने की पहल तेज, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी आज नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौपेंगे नियुक्ति पत्र।
4. एक भारत– श्रेष्ठ भारत के तहत राजधानी रांची में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा– फिर विश्व गुरु बनेगा भारत।
5. 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम के गठन की प्रक्रिया शुरु, 11 से 15 सितंबर तक रांची में खुली चयन प्रतियोगिता।

*********************

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आज मतदान होगा। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार झारखंड के पूर्व और महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची शहर में प्रस्तावित तीन महत्वपूर्ण फ्लाईओवर परियोजनाओं हरमू से एसीबी कार्यालय, अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ और करम टोली चौक से साइंस सिटी तक के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इन परियोजनाओं से रांची में यातायात जाम की समस्या कम होगी और आवागमन सुगम होगा।

*********************

पिछले दिनों धनबाद के मुंडाधौड़ा में हुए भू–धसान के बाद नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घटना स्थल का दौरा किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को पुनर्वासित करने में राज्य सरकार उदासीन है।

*********************

धनबाद में आजसू पार्टी की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पार्टी प्रमुख और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

*********************

बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो इंडिया ब्लाक का हिस्सा होगा। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में गठबंधन के सभी दल मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सीट शेयरिंग पर भी बातचीत की जा रही है।

*********************

राज्य में स्वास्थ्य विभाग में मैन पावर की कमी को दूर करने की पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में संविदा के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का चयन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी आज इन नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपेंगे।

*********************

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने राज्य सरकार के सहयोग से रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय सभागार में एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया।

कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस शामिल हुए। कार्यक्रम में गोवा और झारखंड की परंपरा और संस्कृति को साझा किया गया। मौके पर पत्रकारों से बाचतीच करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत पहल से देश की अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर है।

*********************

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। आज हम कॉस्मैटिक यानि सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र के लिए किए गए सुधारों की चर्चा करेंगे।

*********************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सेवानिवृत्तआईएएस अधिकारी दशरथ चन्द्र दास की पुस्तक अंबेडकरवादियों के चार धाम का लोकार्पण किया। लेखक श्री दास दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त रह चुके हैं।

*********************

चतरा जिले में मोटे अनाज की खेती के प्रति किसानों ने दिलचस्पी दिखायी है और इसके बेहतर नतीजे भी सामने आ रहे हैं।

*********************

राज्य में कल से मौसम में थोड़ा बदलाव संभव है। दोपहर बाद बादल छा सकते हैं और वज्रपात के साथ कहीं–कहीं हल्की या छिटपुट बारिश हो सकती है।

*********************

69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम के गठन की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है। इसके लिए 11 से 15 सितंबर तक रांची में खुली चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी नियमित विद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने नेपाल में युवाओं के हिंसक प्रदर्शन की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर लिखता है– निकाय चुनाव की तैयारी, राज्य के सभी 48 निगर निकायों में से 24 हो सकते हैं आरक्षित।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– मुरहू में एमडीएम खाने के बाद कुएं पर पानी पीने गया बच्चा डूबा, मौत।

प्रभात खबर ने लिखा है– बीएयू में वीसी को छोड़ 80 फीसदी पद प्रभार में, शिक्षकों की है कमी।

दैनिक जागरण ने सिमडेगा में 340 बोरा यूरिया लदे ट्रक के जब्त होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*********************